Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

SS : 11/(P)/01

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

सेशन : पूर्वाह्न

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र I

समय : दो घण्टे ]

[ पूर्णांक : 200

### अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा हो, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिंदी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के **बाद** तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **प्रश्न-पत्र में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक उस प्रश्न के लिए, जिसके लिए दंड है, दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा, यदि उसके लिए दंड है।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा।
11. अंग्रेजी तथा हिंदी अनुवाद में विसंगति होने पर अंग्रेजी अनुवाद सही माना जायेगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

# सामान्य अध्ययन

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 200

1. रावी नदी का वैदिक नाम क्या है ?

(A) पुरुशनी

(B) चन्द्रभागा

(C) अर्जीकिया

(D) सतद्रु

2. मुलगन घाटी हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) किन्नौर

(B) लाहुल स्पिती

(C) कुल्लू

(D) चम्बा

3. प्राचीन आर्य नरेश दिवोदास और शाम्बर के मध्य 40 वर्षों तक चलने वाले युद्ध में किसकी हार हुई ?

(A) शक

(B) खश

(C) किरात

(D) किन्नर

4. प्राचीन समय में कुल्लू का मुख्यालय कहाँ था ?

(A) ब्रह्मपुर

(B) जगतसुख

(C) मुरगुल

(D) त्रिलोकीनाथ

5. दक्षिण भारत की कहानियों के संग्रह का किसने संस्कृत में अनुवाद किया और उस कृति को कथासरितासागर का शीर्षक दिया ?

(A) सोमदेव

(B) कल्हण

(C) जयदेव

(D) शंकराचार्य

6. जब बिलासपुर (कहलूर) रियासत के राजा खड़कचन्द की निःसन्तान मृत्यु हो गई तो किसे वहाँ का राजा बनाया गया ?

(A) मियां जंगी

(B) मियां मीरी

(C) संसारू

(D) बिशन सिंह



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

7. उस हिमाचली को पहचानिये जो 1964 में टोक्यो में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के कप्तान थे ?

(A) दर्शन सिंह

(B) प्रीथीपाल सिंह

(C) चरणजीत सिंह

(D) गुरबक्श सिंह

8. चम्बा में स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर को किसने बनवाया ?

(A) मेरू वर्मन

(B) साहिल वर्मन

(C) लक्ष्मी वर्मन

(D) ललित वर्मन

9. शाहजहाँ ने 1645 ईसवी में नूरपुर रियासत के किस नरेश को बलख के उज़्बेकों को नियंत्रित करने के लिए भेजा ?

(A) जगत सिंह

(B) बासदेव (बासु)

(C) राजरूप सिंह

(D) पृथ्वी सिंह

10. कौनसी संधि शिमला की पहाड़ी रियासतों के राजनैतिक पटल से गोरखों की रवानगी और अंग्रेजों के आगमन का संकेत देती है ?

(A) सगौली की संधि

(B) लाहौर की संधि

(C) मलाओं की संधि

(D) रामगढ़ की संधि

11. 'राजा-गद्दण' प्रेम गीत किस राजा द्वारा नोखू गद्दण से प्रणय याचना को चित्रित करता है ?

(A) जसवां के मान सिंह

(B) चम्बा के श्री सिंह

(C) नूरपुर के बीर सिंह

(D) कांगड़ा के संसार चन्द



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

12. निम्नलिखित सूची I में आइ.एन.ए. के कुछ बहादुरों के नाम हैं और सूची II में उनके योगदान के लिए उन्हें दी गई उपाधियाँ :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) मेजर मेहर दास | (1) शेरे हिन्द |
| (*b*) हरी सिंह | (2) तगमाए शत्रुनाश |
| (*c*) कैप्टन बख्शी प्रताप सिंह | (3) सरदारे जंग |
| (*d*) लै. अमर चन्द | (4) असाधारण शौर्य के लिए तमगा |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही मिलान कीजिए :

कूट :

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*a*) | (*c*) | (*b*) | (*d*) |
| (B) | (*b*) | (*c*) | (*a*) | (*d*) |
| (C) | (*c*) | (*d*) | (*b*) | (*a*) |
| (D) | (*d*) | (*a*) | (*b*) | (*c*) |

13. डॉ. पियूष गुलेरी की पुरस्कृत रचना 'छींटे' क्या है ?

(A) उपन्यास

(B) नाटक (ड्रामा)

(C) कविता

(D) निबन्ध

14. निम्नलिखित में से कौन प्रथम लोक सभा के लिए निर्विरोध चुना गया ?

(A) डॉ. वाइ.एस. परमार

(B) आनन्द चन्द

(C) पंडित पदम देव

(D) जोगिन्दर सेन

15. 2011 की जनगणना के अनुसार हिमाचल प्रदेश के किस जिले में महिला साक्षरता की दर सबसे कम है ?

(A) कुल्लू

(B) किन्नौर

(C) चम्बा

(D) लाहुल स्पिती



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

16. दिसम्बर 2010–जनवरी 2011 के पंचायत चुनावों का निचार उपमण्डल की अनेक पंचायतों ने किस मुद्दे पर बहिष्कार किया था ?

(A) सीमेन्ट फैक्ट्री के विरोध में

(B) बेहतर सड़क संयोजी (सुविधा) की मांग को लेकर

(C) सेब और अन्य फलों के विपणन की बेहतर सुविधा की मांग को लेकर

(D) करचम-वांगटू जलविद्युत परियोजना के विरोध में

17. 1948 में जब हिमाचल प्रदेश बना तो उसमें शामिल होने वाली सबसे छोटी रियासत/ठकुराई कौनसी थी (क्षेत्रफल के आधार पर) ?

(A) रतेष

(B) कुठार

(C) दरकोटी

(D) रावींगढ़

18. चम्बा पत्तन पुल जो बिना स्तम्भों के होने के कारण हिमाचल प्रदेश में अपनी किस्म का पहला है, किस नदी पर बना है ?

(A) रावी

(B) सतलज

(C) यमुना

(D) ब्यास

19. आयुर्वेद विभाग ने मण्डी जिले में किस स्थान पर हरबल गार्डन स्थापित किया है ?

(A) सरकाघाट

(B) सुन्दर नगर

(C) करसोग

(D) जोगिन्दर नगर



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

20. आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए हिमाचल प्रदेश के सभी परिवारों को चार श्रेणियों में बांटा गया है। उनमें से दो हैं–गरीबी रेखा से नीचे वाले (बी.पी.एल.) और गरीबी रेखा से ऊपर वाले (ए.पी.एल)। अन्य दो कौनसे हैं ?

(A) अन्त्योदय और अनुसूचित जाति परिवार

(B) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति परिवार

(C) अन्नपूर्णा और अनुसूचित जाति परिवार

(D) अन्नपूर्णा और अन्त्योदय परिवार

21. प्राचीन भारत के निम्नलिखित राजवंशों को सही कालक्रम में क्रमबद्ध कीजिए :

(*i*) मौर्य

(*ii*) गुप्त

(*iii*) नन्द

(*iv*) कुषाण

(A) (*iv*), (*ii*), (*i*), (*iii*)

(B) (*ii*), (*iii*), (*iv*), (*i*)

(C) (*iii*), (*i*), (*iv*), (*ii*)

(D) (*iii*), (*ii*), (*iv*), (*i*)

22. वर्धमान महावीर का जन्म किस स्थान पर हुआ ?

(A) गया

(B) कुण्डग्राम

(C) कपिलवस्तु

(D) पाटलिपुत्र



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

23. गाँधीजी ने अपना डांडी मार्च कहाँ से शुरू किया ?

(A) वर्धा

(B) साबरमती

(C) खेड़ा

(D) अहमदाबाद

24. 1939 ईसवी में सुभाषचन्द्र बोस के कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने के बाद कौन पार्टी अध्यक्ष बना ?

(A) पट्टाभि सीतारमैया

(B) मौलाना आज़ाद

(C) राजेन्द्र प्रसाद

(D) जय प्रकाश नारायण

25. होम रूल लीग के दो प्रमुख नेता कौन थे ?

(A) तिलक और ऐनी बीसेन्ट

(B) तिलक और फ़िरोज़शाह मेहता

(C) एनी बीसेन्ट और बी.सी. पाल

(D) बी.सी. पाल और तिलक

26. 1943 ईसवी के चार प्रान्तों में मुस्लिम लीग के मन्त्रिमण्डल स्थापित हुए। उनमें से दो प्रान्त थे सिन्ध और एन.डब्ल्यु.एफ.पी.। शेष दो कौन से थे ?

(A) पंजाब और बंगाल

(B) असम और पंजाब

(C) बंगाल और असम

(D) बंगाल और यू.पी.



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

27. किस मुगल शासक ने अपने पिता की मृत्यु के बाद अपनी सौतेली माँ को कैद कर दिया ?

(A) औरंगज़ेब

(B) शाहजहाँ

(C) जहाँगीर

(D) हुमायूँ

28. बंगाल के विभाजन को किस वर्ष रद्द कर दिया गया ?

(A) 1909 ईसवी

(B) 1910 ईसवी

(C) 1911 ईसवी

(D) 1912 ईसवी

29. 1907 ईसवी में काँग्रेस का विभाजन किस स्थान पर हुआ ?

(A) बनारस

(B) कलकत्ता

(C) नागपुर

(D) सूरत

30. 'स्वतन्त्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' यह घोषणा सबसे पहले किस भारतीय ने की ?

(A) महात्मा गांधी

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) लाला लाजपत राय

(D) चन्द्रशेखर आज़ाद

31. अखिल भारतीय पददलित वर्गों के संघ की स्थापना किसने की ?

(A) बी.आर. अम्बेडकर

(B) नारायण गुरु

(C) ज्योतिबा फुले

(D) लाला लाजपत राय

32. आर्य समाज के संस्थापक कौन हैं ?

(A) स्वामी विवेकानन्द

(B) स्वामी अग्निवेश

(C) स्वामी दयानन्द

(D) पंडित विष्णु शास्त्री



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

33. दक्षिणी सूडान गणराज्य की राजधानी कहाँ है ?

(A) खरतूम

(B) जूबा

(C) ओमडुरमान

(D) बैनगुई

34. 2011 का साहित्य एकेडमी पुरस्कार किसे दिया गया है ?

(A) नामवर सिंह

(B) दूधनाथ सिंह

(C) काशीनाथ सिंह

(D) राजेन्द्र यादव

35. भारत के पहले उत्तर ध्रुवीय अनुसन्धान केन्द्र का क्या नाम है ?

(A) हिमाद्री

(B) मैत्री

(C) भारती

(D) दक्षिण गंगोत्री

36. ओलम्पिक खेलों का चिह्न आपस में जुड़े हुए पांच छल्ले हैं। ये छल्ले अलग-अलग रंगों के हैं। दो रंग हैं–नीला और काला। बाकी तीन रंग कौनसे हैं ?

(A) हरा, लाल, बैंगनी

(B) लाल, बैंगनी, पीला

(C) हरा, गुलाबी, पीला

(D) हरा, पीला, लाल

37. काज़ीरंगा राष्ट्रीय पार्क भारत के किस राज्य में है ?

(A) उत्तराखण्ड

(B) उत्तर प्रदेश

(C) असम

(D) पश्चिमबंग



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

38. व्हीलर द्वीप किस राज्य के समुद्री तट पर है ?

    (A) गोआ

    (B) गुजरात

    (C) उड़ीसा

    (D) तमिलनाडु

39. निम्नलिखित में कौनसा मानव विकास सूचकांक का मापदण्ड नहीं है ?

    (A) जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपैक्टेंसी)

    (B) लिंगानुपात

    (C) साक्षरता दर

    (D) समग्र/सकल पंजीयन (ग्रौस एनरोलमेंट)

40. मैगसेसे पुरस्कार जीतने वाले राजेन्द्र सिंह किस क्रियाकलाप से जुड़े हैं ?

    (A) मानवाधिकार

    (B) बाल कल्याण

    (C) पर्यावरण के मुद्दे

    (D) जल संरक्षण

41. स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी संयुक्त राज्य अमेरिका को किस देश ने भेंट किया था ?

    (A) इंग्लैण्ड

    (B) फ्रांस

    (C) जर्मनी

    (D) स्विट्जरलैण्ड

42. ऐलोरा गुफाओं के बारे में कौनसा कथन सही है ?

    (A) ये सभी गुफाएँ बौद्ध धर्म से सम्बन्धित हैं

    (B) इनमें से अधिकांश गुफाएँ बौद्ध धर्म से सम्बन्धित हैं

    (C) इनमें अधिकांश गुफाएँ हिन्दू धर्म से सम्बन्धित हैं

    (D) ये सभी गुफाएँ हिन्दू धर्म से सम्बन्धित हैं



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

43. भारत के किस शहर को उद्यान शहर (गार्डन सिटी) कहा जाता है ?

(A) चण्डीगढ़

(B) बंगलुरू

(C) श्रीनगर

(D) तिरुवनंतपुरम्

44. पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट कहाँ मिलते हैं ?

(A) अन्नामलाई पर्वत पर

(B) अनाइमुडी पर्वत पर

(C) नीलगिरि पर्वत पर

(D) पालनी पर्वत पर

45. भारतीय उपमहाद्वीप की तीन महत्वपूर्ण नदियों के स्रोत वृहत हिमालय में मानसरोवर झील के समीप हैं। ये नदियाँ हैं :

(A) सिन्धु, झेलम और सतलज

(B) ब्रह्मपुत्र, सतलज और यमुना

(C) ब्रह्मपुत्र, सिन्धु और सतलज

(D) झेलम, सतलज और यमुना

46. सूची I के साथ सूची II को सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

| सूची I (परमाणु विद्युत संयंत्र) | | सूची II (राज्य) |
|---|---|---|
| (*a*) काकरापार | (*i*) | कर्नाटक |
| (*b*) कैगा | (*ii*) | गुजरात |
| (*c*) रावतभाटा | (*iii*) | राजस्थान |
| (*d*) नरोरा | (*iv*) | उत्तर प्रदेश |

कूट :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |

47. कोयली है :

(A) असम में जलविद्युत संयंत्र

(B) महाराष्ट्र में ताप-विद्युत संयंत्र

(C) गुजरात में तैल शोधनशाला

(D) आन्ध्र प्रदेश में जैव-गैस संयंत्र



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

48. जावर खानें किसके लिए महत्वपूर्ण हैं ?

(A) बॉक्साइट

(B) टंग्स्टेन

(C) जस्ता

(D) सीसा

49. नीचे दी गई कौन-कौनसी नदियाँ हिमाचल के पर्वतों से निकलती हैं ?

(A) ब्यास, रावी और चेनाब

(B) रावी, चेनाब और झेलम

(C) सतलज, ब्यास और रावी

(D) सतलज, रावी और झेलम

50. पैनाईन (यूरोप), अप्लेशियन (अमेरिका) और अरावली (भारत) किसके उदाहरण हैं ?

(A) प्राचीन पर्वत

(B) युवा पर्वत

(C) वलित पर्वत

(D) अवरोधी या ब्लॉक पर्वत

51. विश्व की लगभग 90% के बराबर वार्षिक मत्स्य आपूर्ति कहाँ से होती है ?

(A) अन्त:स्थली जल

(B) पेरू समुद्री तट

(C) महाद्वीपीय मग्नतट (शेल्फ)

(D) खुला सागर

52. धात्विक खनिजों का उत्पादन नीचे दिए गए किसको छोड़कर प्रत्येक से प्रभावित होता है ?

(A) बाजार से दूरी

(B) उपलब्ध मात्रा

(C) अयस्क की प्रचुरता

(D) अयस्क का वज़न

53. गहन निर्वाह कृषि किस क्षेत्र में केन्द्रित है :

(A) भूमध्यसागरीय जलवायु के क्षेत्र में

(B) मुख्य नदी घाटियों तथा डेल्टा जैसे गंगा में

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य-पश्चिमी मैदानों में

(D) स्कैन्डिनेविया के लैपलैण्ड क्षेत्रों में



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

54. भूमध्यसागरीय कृषि :

(A) ग्रीष्मकालीन वर्षा की वृहत् मात्रा पर निर्भर है

(B) अंगूर, जैतून, सन्तरे और अंजीर के लिए प्रसिद्ध है

(C) कृषि प्रदेशों में एक निम्न उत्पादक है

(D) केवल दक्षिणी यूरोप और उत्तरी अफ्रीका में पायी जाती है

55. यदि भारत के राष्ट्रपति के त्याग-पत्र देने के समय या मृत्यु हो जाने के समय उपराष्ट्रपति का पद भी खाली हो, तो राष्ट्रपति का कार्यभार कौन संभालेगा ?

(A) लोक सभा स्पीकर

(B) राज्य सभा का उपाध्यक्ष

(C) वरिष्ठतम राज्यपाल

(D) भारत का मुख्य न्यायाधीश

56. किस राज्य के राज्यपाल को राज्य में राज्यपाल शासन लगाने की शक्ति प्राप्त है ?

(A) त्रिपुरा

(B) नागालैण्ड

(C) मिजोरम

(D) जम्मू और कश्मीर

57. निम्नलिखित जोड़ों में कौनसा मिलान सही नहीं है ?

| | पूर्व स्पीकर | राजनैतिक दल |
|---|---|---|
| (A) | पी.ए. संगमा | कांग्रेस |
| (B) | जी.एच.सी. बालयोगी | तेलुगुदेशम पार्टी |
| (C) | मनोहर जोशी | बी.जे.पी. |
| (D) | सोमनाथ चटर्जी | सी.पी.आई. (एम.) |



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

58. निम्न कथनों में कौनसा कथन उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बारे में सही नहीं है ?

(A) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है

(B) वह अपने पद पर राष्ट्रपति की इच्छा पर्यंत रहता है

(C) उसे किसी अन्य उच्च न्यायालय में स्थानान्तरित किया जा सकता है

(D) उसे प्रमाणित अभद्र व्यवहार या असमर्थता के आधार पर हटाया जा सकता है

59. लोक लेखा समिति अपनी रिपोर्ट किसे प्रस्तुत करती है ?

(A) भारत के राष्ट्रपति को

(B) वित्त मन्त्री को

(C) संसदीय कार्य मन्त्री को

(D) संसद को

60. भारतीय संविधान में बन्दी प्रत्यक्षीकरण की रिट जारी करने की शक्ति किसमें निहित है ?

(A) जिला न्यायालयों में

(B) केवल उच्च न्यायालयों में

(C) केवल उच्चतम न्यायालय में

(D) उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय दोनों में



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

61. भारतीय संविधान के किस भाग में पंचायतों का प्रावधान है ?

(A) भाग IX

(B) भाग IV

(C) भाग III

(D) भाग X

62. जब बजट के पारित होने से पहले संसद द्वारा जो अग्रिम अनुदान दिया जाता है उसे क्या कहते हैं ?

(A) वोट आन क्रेडिट

(B) टोकन ग्रान्ट

(C) अनुपूरक ग्रान्ट

(D) वोट ओन एकाउन्ट

63. विधायिक विषय के रूप में 'शिक्षा' भारतीय संविधान के अन्तर्गत किसमें आती है ?

(A) संघीय सूची में

(B) राज्य सूची में

(C) समवर्ती सूची में

(D) अवशिष्ट शक्तियों में

64. निम्न में से कौनसा अब तक पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में शहरी स्थानीय संस्थाओं की आय का स्रोत नहीं है ?

(A) गृह कर

(B) टॉल टैक्स

(C) फीस

(D) चुंगी



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

65. भारतीय संविधान के 52वें संशोधन द्वारा जो दसवीं सूची संविधान में जोड़ी गई है उसका सम्बन्ध किससे है ?

(A) दल बदल कानून से

(B) भूमि सुधारों से

(C) पंचायती राज से

(D) भाषाओं से

66. सूची I के साथ सूची II मिलाइए और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिये :

| सूची I (भारतीय संविधान) | सूची II (ऋणादान स्रोत) |
|---|---|
| (1) संसद के विशेषाधिकार | (*a*) आयरलैण्ड का संविधान |
| (2) अवशिष्ट शक्तियाँ | (*b*) ब्रिटेन |
| (3) राज्य के नीति निदेशक सिद्धान्त | (*c*) कनाडा का संविधान |
| (4) न्यायिक पुनरावलोकन | (*d*) यू.एस. संविधान |

कूट :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (3) | (1) | (4) | (2) |
| (D) | (1) | (2) | (3) | (4) |

67. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस शहर की जनसंख्या सबसे अधिक है ?

(A) कोलकाता

(B) नई दिल्ली

(C) चेन्नई

(D) मुम्बई

68. निम्नलिखित में से कौनसी भारतीय कम्पनी फोरबेस-2000 की सूची में शीर्ष पर है ?

(A) आर.आई.एल.

(B) ओ.एन.जी.सी.

(C) आई.ओ.एल.

(D) एन.टी.पी.सी.

69. 'निर्मल भारत अभियान योजना' किससे सम्बन्धित है ?

(A) बिहार के विकास से

(B) गंदी बस्तियों में सामूहिक शौचालयों से

(C) निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए गृह निर्माण से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

70. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सीधे विदेशी निवेश की अधिकतम सीमा कितने प्रतिशत रखी गई है ?

(A) 51 प्रतिशत

(B) 50 प्रतिशत

(C) 33 प्रतिशत

(D) 49 प्रतिशत

71. निम्नलिखित में से कौनसी योजना ग्रामीण लोगों के गृह निर्माण के लिए बनी है ?

(A) इन्दिरा आवास योजना

(B) अम्बेडकर आवास योजना

(C) पुरा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार 2010-15 के दौरान राज्यों को 'ग्रांट-इन-एड' के रूप में कितनी धनराशि मिलेगी ?

(A) 44,000 करोड़ रुपये

(B) 1,64,832 करोड़ रुपये

(C) 3,18,581 करोड़ रुपये

(D) 1,07,552 करोड़ रुपये

73. निम्नलिखित में से सकल घरेलू पूँजी निर्माण के घटक कौनसे हैं ?

(1) सकल घरेलू बचत

(2) शुद्ध पूँजी आगत (इनफ्लो)

(3) सीधा विदेशी निवेश

कूट :

(A) केवल (1)

(B) केवल (2)

(C) केवल (3)

(D) (1) और (2) दोनों



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

74. जनवरी 1, 2003 से भिन्न-भिन्न राज्यों में एथानोल मिश्रित पेट्रोल बेचा जा रहा है। पेट्रोल में एथानोल का प्रतिशत कितना है ?

(A) 10 प्रतिशत

(B) 7 प्रतिशत

(C) 6 प्रतिशत

(D) 5 प्रतिशत

75. जनसंख्या राष्ट्रीय आयोग निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत आता है ?

(A) योजना आयोग

(B) मानव संसाधन विकास मन्त्रालय

(C) कैबिनेट सचिवालय

(D) स्वास्थ्य मन्त्रालय

76. निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिए :

(1) रेपो रेट वह रेट है जिस पर अन्य बैंकें भारतीय रिज़र्व बैंक से उधार लेते हैं।

(2) गिन्नी कोफिशियंट के लिए 0 का मान यह दर्शाता है कि देश की जनसंख्या में आय हर एक के लिए समान तरह से बंटी हुई है।

उपर्युक्त में से कौनसा/कौनसे कथन सही है/हैं ?

(A) केवल (1)

(B) केवल (2)

(C) (1) और (2) दोनों

(D) न तो (1) न ही (2)



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

77. तारापोर कमेटी निम्न में से किस एक से सम्बन्धित है ?

(A) विशेष आर्थिक ज़ोन

(B) पूँजी खाते (कैपिटल एकाउन्ट) की पूर्ण रूपान्तरितकरण (कनवर्टीबिलिटी)

(C) विदेशी विनिमयन कोष

(D) तेल की कीमतों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

78. पार्टीसिपेटरी नोट निम्न में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) भारत की संचित निधि

(B) विदेशी संस्थागत निवेशक

(C) संयुक्त राष्ट्रसंघ का विकास कार्यक्रम

(D) क्योटो संलेख (प्रोटोकॉल)

79. फ्लाई ऐश एक पर्यावरणीय प्रदूषक है जो उत्पन्न होती है :

(A) तापीय शक्ति संयंत्र (थर्मल पॉवर प्लांट) द्वारा

(B) तेल शोधक कारखाना द्वारा

(C) उर्वरक संयन्त्र द्वारा

(D) स्ट्रिप माइनिंग द्वारा

80. पर्यावरण नियोजन संगठन है :

(A) CECRI

(B) NEERI

(C) ICAR

(D) CEPHERI

81. उथली झीलें जिसमें अधिक मात्रा में कार्बनिक उत्पाद होते हैं, कहलाती हैं :

(A) परपोषित

(B) सुपोषी

(C) मध्यपोषी

(D) अल्पपोषी



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

82. आगामी वर्षों में चर्म से संबंधित विकृतियाँ निम्नलिखित कारण से अधिक सामान्य हो जायेंगी :

(A) परिमार्जकों के अत्यधिक प्रयोग से

(B) जल प्रदूषण से

(C) वायु प्रदूषण से

(D) ओजोन परत के क्षय से

83. जंगलों का नाश, शहरीकरण तथा बढ़ता हुआ प्रदूषण सभी का कारण है :

(A) हरितगृह प्रभाव

(B) वैश्विक तापन (ग्लोबल वार्मिंग)

(C) ओज़ोन क्षय

(D) जनसंख्या विस्फोट

84. WWF (वर्ल्ड वाइल्ड-लाइफ फंड) का पशु चिह्न क्या है ?

(A) डोल्फिन

(B) कंगारू

(C) चीता

(D) जाइन्ट पांडा

85. विलुप्त स्पीशीज (जाति) के पादप जीन्स संचित किये जाते हैं :

(A) जीन लाइब्रेरी में

(B) जीन बैंक में

(C) उद्भिजालय (हरबेरियम) में

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. राजस्थान का राज्य पक्षी है :

(A) साइबेरियाई सारस

(B) बृहत भारतीय सारस (सारंग)

(C) राजहंस

(D) हार्नबिल (एक पक्षी)



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

87. मृदा क्षरण (अपरदन) अधिक होता है जब :

(A) अधिक वर्षा होती है

(B) वर्षा नहीं होती है

(C) कम वर्षा होती है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88. पारिस्थितिकी होती है :

(A) केवल पर्यावरणीय कारकों के कारण

(B) पर्यावरण पर पौधों के प्रभाव के कारण

(C) पादप अनुकूलन के कारण

(D) जीव तथा उनके पर्यावरण के बीच संबंध के कारण

89. सूर्य प्रिय पौधे हैं :

(A) हैलोफाइटस

(B) सियोफाइटस

(C) हेलियोफाइटस

(D) ऑटोट्रॉफ्स

90. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक पॉलीमर नहीं है ?

(A) ऊन

(B) रेशम

(C) कपास

(D) टेफ्लॉन

91. पॉलीमर जिसका प्रयोग रस्सी तथा कालीन के फाइबर (रेशे) बनाने में किया जाता है, होता है ?

(A) पॉलीऐसीटीलीन

(B) पॉलीप्रोपीलीन

(C) पॉलीऐक्रीलोनाइट्राइल

(D) पी. वी. सी.



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

92. डाइबिटिज से पीड़ित मरीज के मूत्र के नमूने (सैम्पल) में होता है :

(A) सुक्रोज

(B) फ्रक्टोज

(C) ग्लुकोज

(D) उपर्युक्त सभी

93. डीजल तेल का गुण डीजल इंजन में निर्धारित किया जाता है :

(A) तेल संघटन द्वारा

(B) ऑक्टेन संख्या द्वारा

(C) सीटेन संख्या द्वारा

(D) मिलाये गये संयोजियों द्वारा

94. लोहा की जंग है :

(A) एक विद्युत-रासायनिक प्रक्रिया

(B) एक प्रकाश-रासायनिक प्रक्रिया

(C) एक विद्युत-विश्लेषण प्रक्रिया

(D) उपर्युक्त सभी

95. जब मृदु स्टील को उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है और अचानक पानी में ठंडा किया जाता है तो वह कठोर तथा भंगुर हो जाता है। यह प्रक्रिया कहलाती है :

(A) कठोरीकरण (हार्डनिंग)

(B) तापानुशीतलन

(C) शीतलन

(D) टेम्परिंग



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM

Downloaded from: www.IASEXAMPORTAL.COM

96. निम्नलिखित में से किसे न्यूक्लियर रिएक्टर में सुधार हेतु प्रयोग किया जाता है ?

(A) ग्रेफाइट

(B) पैराफिन

(C) कठोर जल

(D) उपर्युक्त सभी

97. सिलिकॉन कार्बाइड (SiC) को निम्न रूप में भी जाना जाता है :

(A) क्वार्ट्ज

(B) ट्राइडीनाइट

(C) कोरन्डम

(D) कार्बोरन्डम

98. एक पीली नीली गैस जिसमें मछली के समान गन्ध आती है, कालिमायुक्त लेड पेन्टिंग रंग प्रत्यावर्तित करती है । यह गैस रॉकेट में ईंधन के रूप में भी प्रयुक्त होती है । यह है :

(A) ऑक्सीजन

(B) अमोनिया

(C) सल्फर डाइऑक्साइड

(D) ओजोन

99. क्लोरीन की ब्लीचिंग क्रिया उत्पन्न होती है निम्न की उपस्थिति में :

(A) नमी

(B) सूर्य-प्रकाश

(C) विशुद्ध ऑक्सीजन

(D) विशुद्ध सल्फर डाइऑक्साइड

100. मायोग्लोबिन में हीम जैवकीय रूप में महत्वपूर्ण है जिसका प्रयोग निम्न के संचय में किया जाता है :

(A) मांसपेशियों में नाइट्रोजन

(B) मांसपेशियों में क्लोरीन

(C) मांसपेशियों में ऑक्सीजन

(D) मांसपेशियों में कार्बन डाइऑक्साइड



Downloaded from : www.IASEXAMPORTAL.COM